कार्यालय कुलसचिव

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर (उ0प्र0)

पत्रांकः सीएसएयू/आर–UPCATET-2026/3501/2026 दिनांकः नवम्बर 18, 2026

कार्यालय ज्ञाप

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में यूपीकैटेट–2026 के द्वारा ऐसे नव प्रवेशित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2026 के माध्यम से स्नातक, परास्नातक एवं पी–एच0डी0 पाठ्यक्रमों की आनलाइन कौन्सिलिंग (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) के कम में प्रवेश शुल्क के साथ पेड सीट का शुल्क इसी विश्वविद्यालय में जमा करने के **उपरान्त पेड सीट से फ्री सीट पर अपग्रेड हो गया** है, वे अपनी फीस वापसी हेतु आवेदन के साथ निम्नलिखित विवरण के अनुसार दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटो कापी **कुलसचिव कार्यालय में दिनांक 03.12.2026 तक** अवश्य जमा कर दें, ताकि भुगतान वापसी की प्रकिया पूर्ण की जा सकें।

1. फीस वापसी हेतु छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना।
2. प्रथम सीट आवंटन पत्र।
3. अपग्रेडेशन के उपरान्त सीट आवंटन पत्र।
4. जमा शुल्क की रसीद।
5. अपने बैंक खाते पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति स्पष्ट खाता संख्या एवं आईएफसी कोड संख्या सहित।
6. आधार कार्ड।

कुलसचिव

पत्रांक एवं दिनांक तद्

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधिष्ठाता, कृषि संकाय/उद्यान एवं वानिकी संकाय / हरदोई महाविद्यालय/ सामुदायिक विज्ञान संकाय।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
3. प्रभारी अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, लखीमपुर खीरी।
4. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को इस आशय से कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. कुंलपति के तकनीकी सचिव को माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
6. नोटिस बोर्ड।
7. गार्ड फाइल, कुलसचिव कार्यालय।

कुलसचिव